बृहस्पति ग्रह से संबंधित उपचार और दान आदि

बृहस्पति ग्रह को शांत, प्रसन्न और बलशाली बनाकर, बृहस्पति ग्रह के अशुभ प्रभावों को कम या न के बराबर करने और शुभ प्रभावों को बढ़ाकर और शीघ्र प्राप्त करने के लिए बृहस्पति ग्रह के लिये निम्नलिखित सरल, प्रभावशाली और पर्यावरणहितैषी उपचार और दान आदि का अपनी क्षमता और सामर्थ्यानुसार प्रयोग में लाऐं जैसे प्रत्येक माह के किसी शुभ मुहूर्त पर केला, आम, और पपीते आदि के पौधे लगाएं। बृहस्पतिवार या अमावस्या के दिन व्रत रखें। वृद्ध गाय पालें या उसकी सेवा करें। चीटियों को आटा डालें। अपने गुरूजनों और विद्वान व्यक्तियों की सेवा करें और उन्हें प्रसन्न रखें। बृहस्पति ग्रह की वैदिक रीति से पूजा करें या करवाएं। पीला पुखराज धारण करें, वैदिक मंत्र का जप करवाएं या बीज मंत्र का जप स्वयं करें, विष्णु पुराण का पाठ करवाएं या विष्णु सहस्त्र नाम का पाठ करें। पीली वस्तुओं का दान बृहस्पतिवार के दिन करना चाहिए जैसे पीली दाल, पीला वस्त्र, शहद, गुड़, पुस्तकें, कांस्य पात्र, मिठाई, फल, और घृत आदि। यदि सम्भव हो सके तो मधु, हल्दी, दमयंती, गूलर, मुलेठी, और मालती पुष्प आदि के जल से स्नान करना चाहिए।